श्री डॉ0 अजय कुमार सिंह, माननीय स0वि0प0 से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न सं0–01/212/335 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
(क) क्या यह सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सत्तरकटैया प्रखंड के ग्राम पंचायत औकाही के सिसई ग्राम के वार्ड नं० 13 में रहने वाले लोग कोशी उपशाखा नहर के कारण दो भागों में बटे हुए हैं ग्रामीण पैदल नहर पार करते हैं और वर्ष के कई महीनों तक पानी नहीं रहने पर इनहें लंबी दूरी तय कर एक–दूसरे के टोले में जाना पड़ता है, (ख) क्या यह सही है कि कोशी उपशाखा नहर के आर०डी० संख्या 222 पर पुलिया निर्माण कराने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, (ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोशी उपशाखा नहर के आर०डी० संख्या 222 पर पुलिया का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तरकटैया प्रखंड के गाम पंचायत औकाही के सिसई ग्राम का वार्ड नं० 13 सहरसा उपशाखा नहर के कि0मी0 67.68 (आर0डी0 222.00) के दायें ओर अवस्थित है। इस ग्राम के आमलोगों का नहर के आर–पार आवागमन हेतु प्रश्नगत स्थल सहरसा उपशाखा नहर के कि0मी0 67.68 (आर0डी0 222.00) के अपस्ट्रीम में कि0मी0 67.07 (आ0डी0 220.00) एवं डाउनस्ट्रीम में कि0मी0 68.00 (आर0डी0 223.00) पर पूर्व से पुल निर्मित है जो प्रश्नगत स्थल से अपस्ट्रीम में 610 मी0 एवं डाउनस्ट्रीम में 320 मी0 की दूरी पर है, जिससे आमलोगों का आवागमन सुचारू रूप से हो रहा है। सहरसा उपशाखा नहर के कि0मी0 68.00 पर निर्मित पुल का रेलिंग क्षतिग्रस्त है जिसका निर्माण शीघ्र करा लिया जायेगा। विभागीय मापदंड के अनुसार जिस नहर में जल प्रवाह (150 से 1000) क्यूसेक होती है तो दो पुलों के बीच की न्यूनतम दूरी 1.60 कि0मी0 होनी चाहिए। विषयांकित नहर का प्रश्नगत स्थल पर रूपांकित जलश्राव 410 क्यूसेक है। अतः विभागीय मापदंड के अनुसार उपरोक्त प्रश्नगत स्थल पर पुल का निर्माण अनुमान्य नहीं है।

बिहार सरकार

<u>जल संसाधन विभाग</u>

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(सह0)–06–05/2026– **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 212वें सत्र से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न सं0–01/212/335 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सि0)–06–05 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सि0)–06–05 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0प्र0(सि0)–06–05 / 2026– 1052 पटना, दिनांक– 27/02/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26.02.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
26.02.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo